Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 22-04-2023 अंक 547

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

## कलवर्ट निर्माण का प्रमुख ने किया शिलान्यास



**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सलैया चोरदहा नदी के पास श्मशान घाट के बगल में प्रखंड प्रमुख श्रीमती रेनू देवी के द्वारा कलवर्ट। निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया मौके पर प्रखण्ड प्रमुख ने कहा की कलवर्ट के निर्माण हो जाने से श्मशान घाट आने जाने में और लोक आस्था का छठ पर्व के लिए घाट आने जाने में आसानी व सुविधाजनक होगी कलवर्ट का निर्माण लगभग ढाई लाख की लागत से किया जा रहा है मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने कहा अपने गांव की बहू अपने गांव के लिए अच्छा कार्य कर रही है और गांव के विकास के लिए प्रयत्नशील हैं द्य मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि उमेश चौधरी,सवेदक हीरालाल प्रसाद, सूरज देव मंडल उर्फ टिंकू नारायण प्रसाद बुलाकी प्रसाद महेश प्रसाद राजदेव प्रसाद बबलू कुमार समेत लोग उपस्थित थे

## पृथ्वी दिवस पर बीएस कॉलेज में किया गया पौधरोपण



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन स्लोगन लेखन एचआईवी जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बनवारी साहू महाविद्यालय के सचिव अंजू गुप्ता ,प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नवल किशोर प्रसाद उपस्थित रहे। एनएसएस के स्वयंसेवकों सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत रक्तदान की महत्ता एवं अन्य कार्यक्रमों के विषय में विस्तार पूर्वक बातें बताई गई। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर बच्चों ने पोस्टर मेकिंग एवं रक्तदान की महत्ता पर पोस्टर मेकिंग किया। मौके पर स्वयंसेवकों में अनु कुमारी बसंती कुमारी अंजू कुमारी अलका कुमारी अनामिका कुमारी सुप्रिया कुमारी और अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# सोहरा में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, पूर्व विधायक हुए सम्मिलित

सोहरा में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, पूर्व विधायक हुए सम्मिलित

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



सोहरा के ऐतिहासिक समोखर माता मंदिर में आयोजित श्रीमद्भगवत कथा सह सात दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी सख्या में श्रद्धालुओं के साथ बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव आदि उपस्थित रहे। समोखर मंदिर से निकले कलश यात्रा लगभग 5 किमी लंबी दूरी तय करके नवादा नदी पहुँचा जहां बनारस से आये आचार्य हिमांशु मिश्रा व ओमकार मिश्रा ने जलभरणी का कार्य समपन्न करवाया। पूर्व विधायक ने कहा श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मनुष्य जीवन को सार्थक बनाती है। जन्म तो हर प्राणी एवं मनुष्य लेता है लेकिन उसे अपने जीवन का अर्थ बोध नहीं होता है। बाल्यावस्था से लेकर मृत्यु तक वह सांसारिक गतिविधियों में ही लिप्त होकर इस अमूल्य जीवन को नश्वर बना देता है। श्रीमद् भागवत ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत होती है इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। यज्ञ का आयोजन गांव के ही पांच भाइयों क्रमशः प्यारी राणा, बिराज राणा, बिसुन राणा, अर्जुन राणा, तपेश्वर राणा, कमलेश राणा, उमेश राणा आदि परिजनों के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजको ने बताया कि प्रति संध्या बनारस से आई सुप्रसिद्ध कथावाचिका मानस मयूरी शालिनी त्रिपाठी अपनी मधुर वाणी से कथा सुनायेगी। कलश यात्रा में जीप सदस्य राकेश रंजन, पूर्व मुखिया राजदेव यादव, चौय विश्वकर्मा समाज सचिव डोमन राणा, समाजसेवी राजेन्द्र राणा, युगल राणा, जेएमएम नेता बिरेन्द्र राणा, केदार राणा, भाजपा नेता आशीष सिंह, सतेंद्र सिंह, रामचन्द्र सिंह, मन्नू सिंह, राकेश पांडेय, सियाराम सिंह, पुरोहित विजय पांडेय, परसुराम राणा, सुधीर राणा, अर्जून राणा, धीरन राणा, लक्ष्मण राणा, केश्वर राणा, त्रिलोकी राणा, दिनेश राणा सहित अन्य।


# पृथ्वी पर जीवन बनाये रखने के लिए पर्यावरण को बचाना जरूरी : अमित कुमार

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकारके निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं संत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के निदेश पर शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में पृथ्वी दिवस मनाया गया ।इस अवसर पर व्यवहार अमित कुमार, जिला एवं द्वितिय अपर सत्र न्यायाधीश, लातेहार, स्वाति विजय उपाध्याय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार एवं मिथिलेश कुमार अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी–सह–प्रधान दण्डाधिकारी किशोर न्यायालय लातेहार के द्वारा पौधारोपण किया गया ।इस अवसर पर अमित कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितिय, लातेहार नें कहा कि पृथ्वी के पर्यावरण की अनुकुल स्थितियों से ही यह० जीवन जीना संभव हो सका है। लेकिन मनुष्यों की कुछ गलतियों के कारण अब ये पर्यावरण बिगड़ रहा है। पृथ्वी पर जीवन बनाये रखने के लिए इस धरती एवं पर्यावरण को बचाना जरूरी है। स्वाति विजय उपाध्याय, सचिव डालसा, लातेहार ने पर्यावरण संरक्षण एवं पृथ्वी को संरक्षित करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। मिथिलेश कुमार अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी–सह– प्रधान दण्डाधिकारी किशोर न्यायालय लातेहार ने कहा कि लागतार पेडो के काटे जाने से धरती का संतुलन बिगड़ गया है जिसे संरक्षित करने के उदेश्य से प्रति वर्ष 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है ।इस दौरान लातेहार व्यवहार न्यायालय के एलएडीसी के राजेश यादव और दीपक कुमार मिश्रा द्वारा भी पौधारोपण किया गया। इस मौके पर न्यायालय कर्मी मौजूद थे।

# पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से दिया गया हरियाली का संदेश, धरती हराभरा करने को लेकर दिलाई गई शपथ










**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में ईद मुबारक की छुट्टी होने पर भी स्कूल प्रबंधन की ओर से पृथ्वी के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता से संबंधित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। पोस्टर मेकिंग , पेंटिंग एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम कराया गया। इस पृथ्वी दिवस पर विद्यालय निदेशक, शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण द्वारा धरती को हरा भरा बनाने की शपथ दिलाई । इस अवसर पर विद्यालय की ओर से ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने पेंटिंग के माध्यम से पृथ्वी को बचाने का सन्देश दिया । इस अवसर पर विद्यालय निदेशक रोहित राज सिंह ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण आज की सबसे बड़ी समस्या है । पूरा विश्व ही बढ़ते प्रदूषण से चिंतित है । इस समस्या का एकमात्र समाधान अधिक से अधिक पौधारोपण करना ही है। हम जितने अधिक पौधे लगाएंगे उतना ही वातावरण शुद्ध होगा। साथ ही बच्चों को प्रकृति संरक्षण और पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय में एक पौधा रोपित करने और पॉलिथीन का प्रयोग न करने का संकल्प भी लिया। जिन विद्यार्थियों ने ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लिया उसमें– विशाल, दीपा, अंजली, हिमांशु, रिया रानी, वर्षा, अनमोल आदि शामिल रहे।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## चौपारण पुलिस ने भारी मात्रा में डोडा लदे कंटेनर किया जप्त





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

चौपारण पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्यवाई करते हुए भारी मात्रा में एक कंटेनर से डोडा बरामद किया। मौके का फायदा उठाकर चालक फरार हो गया। इस संदर्भ की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी शम्भू नन्द ईश्वर ने बताया कि सूचना मिला था कि जीटी रोड स्थित बहेरा के समीप सीटीसी रा. जस्थान होट्ल के पास एक कन्टेनर वाहन सं० एमएच 04एफपी -3444 में अवैध रुप से डोडा लोड किया जा रहा है। इस सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए टीम भेजकर उक्त वाहन का जाँच पड़ताल के लिए पुलिस बल भेजा गया। पुलिस वाहन चालक वाहन भागने लगा, पुलिस बल ने उक्त वाहन को सरदारपुर के समीप पीछा किया। चालक मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। वाहन तलाशी के क्रम में कन्टेनर गाड़ी के अन्दर 20 प्लास्टिक बोरी में डोडा लदा हुआ पाया। जिसका वजन लगभग 290 किलोग्राम पाया गया। मामला दर्ज कर इस काण्ड में संलिप्त अन्य के विरुद्ध जाँच पड़ताल की जा रही हैं। कार्यवाई में सहायक पुलिस अवर निरीक्षक आकाश कुमार आदि शामिल।।

## डुमरियाडीह में शांति और सद्भाव के साथ मनाया गया ईद





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के डुमरियाडीह में ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। शुक्रवार को चांद का दीदार होते ही ईद की खुशियां में लोग सरोबार होने लगे। लोग गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। शनिवार को अहले सुबह ही मुस्लिम धर्मावलंबियों ने स्नान कर नए कपड़े पहनकर ईदगाह की और रवाना हुए। नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं सुबह से ही ईद को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। वहीं नमाज के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। सुबह आठ बजे से ही ईदगाह में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं बरही पूर्वी के पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने ईद की विशेषता बताते हुए कहा की ईद का त्योहार मुस्लिम धर्म का खास और बड़ा त्योहार माना जाता है। मान्यता है की पवित्र कुरान रमजान महीने में ही पहली बार उतारी गई थी। पैगंबर मोहम्मद के मक्का से जाने के बाद मदीना में ईद का उत्सव शुरू हुआ। कहा जाता है की बद्र की लड़ाई में जीत की खुशी में पैगंबर ने सभी का मुंह मीठा करवाया था। इस दिन को आम बोलचाल की भाषा में मीठी ईद भी कहते है। इस पर्व में चांद का दीदार होने के साथ ही बाजारों में रौनक बढ़ जाती है और घर पर भी जोरशोर से तैयारियां शुरू कर दी जाती है।

## बरही : शांतिपूर्ण और सौहार्द के साथ मनाया गया ईद





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र जैसे रसोइया धमना, लसकरी, कोनरा एवं मल. कोको में शांति और सौहार्द वातावरण में ईद का पर्व मनाया गया। इस दौरान शनिवार अहले सुबह 8 बजे से लेकर 9:30 बजे तक विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। नमाजियों ने देश में अमन चौन के साथ भाईच. ारे की दुआ मांगी। पूरे क्षेत्र में ईद - उल - फितर का त्योहार धूम धाम के साथ मनाया गया। नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम धर्मावलंबियों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी। इसके बाद लोगों ने लजीज व्यंजन का लुत्फ भी उठाया। वहीं रसोइया धमना पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवी मो तौ. कीर ने ईद की विशेषता को बताते हुए कहा की 30 दिन रोजे रखकर चांद रात के बाद ईद का त्योहार आता है। इस दिन सुबह - सुबह नए कपड़े पहनकर ईद की नमाज अदा की जाती है। इस ईद को मीठी ईद भी कहा जाता है। मीठी ईद का असली मजा सेवई में है। इस दिन जहां सभी लोग एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते है, वहीं बड़े अपने छोटे को ईदी देते है।

## भंडारों में शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया ईद - उल - फितर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत के अलगडीहा ईद - उल - फितर का त्योहार शनिवार सुबह हर्षोलास एवं अकीदत के साथ मनाया गया। इस दौरान गांव में मस्जिद में ईद की नमाज अदा कर देश की सलामती की दुआ मांगी। नमाज अदा करने के साथ ही लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद का मुबा. रकबाद दिया और उल्लास के साथ सबकी सलामती की गुजारिश किया। इस अवसर पर बच्चे, बूढ़े एवं जवान ने नए कपड़े पहना और सेवइयां खाई। ईदगाह में मेला का आयोजन भी किया गया था। जहां बच्चों ने अपनी मनपसंद की खिलौने भी खरीदे। वहीं मौके पर मौजूद भंडारों पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवी पप्पू खान ने बताया की ईद प्रेम और सद्भाव का त्योहार है जो भाईचारे का संदेश देता है और यह मुस्लिम समुदाय का मुख्य त्योहार में से एक है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की मुस्लिमो का यह पवित्र त्यौहार भी है। जहां मुस्लिम समुदाय के लोग एक महीना तक उपवास भी करते है। मौके पर हसनैन रजा, मौलाना मेहताब, मौलाना हसमत, मौलाना तौफिक, सदर हाजी कयूम, साजिद उला, अबरार यासीन, अलाउद्दीन, फिरोज खान, मुमताज, गुलजार, सकील खान, सहादत अंसारी, रहमत अली, सहाबुद्दीन, जुबैर, जमाल एवं मौलाना मजहर सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

## जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक में जिला परिषद उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव ने ग्रामीणों के साथ बैठक किया। इस बैठक में रोड निर्माण कार्य को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि तुर्कबाद चौक से डपोक आरईओ रोड कार्य पूर्ण किया जायेगा। सभी उप. स्थित लोगो ने इस संबंध में अपनी सहमति दी तथा किसी प्रकार का व्यवधान पैदा नही करने की बात की। बैठक में योगेश्वर यादव, उमाशंकर यादव, चेतलाल यादव, छोटी महतो, मुकेश कुमार राय, जागेश्वर साव, नंदकिशोर यादव, सुरेंद्र यादव, विनय कुमार, विजय यादव, अर्जुन यादव, विवेक यादव, उमाशंकर यादव, रामचंद्र पांडेय, दिगंबर पांडेय, पवन यादव, रोहित यादव आदि उपस्थित रहें।




## कोरोना काल मे मृतक पारा शिक्षकों के परिजनों को सहायक अध्यापक संघ ने किया आर्थिक सहयोग

### सहायक शिक्षकों के प्रति गंभीर नही है सरकार, चंदा कर परिजनों को कर रहे है मदद : रामवतार प्रजापति

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



कोरोना काल मे कई लोग अमसायिक मौत के गाल में समा गए। सरकार के मदद की उम्मीद में बैठे कई परिजनो का उम्मीद अब टूट चुका है। सुदूरवर्ती भगहर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय लोहरा में कार्यरत तत्कालीन पारा शिक्षक भरत दांगी व प्राथमिक विद्यालय अम्बातरी में कार्यरत शिक्षक रामदेव यादव दोनो कोरोना काल मृत हो गए थे। सरकारी से कोई मदद नही मिलने पर चौपारण सहायक शिक्षक संघ ने आर्थिक सहयोग करने का निर्णय लिया। इसी कड़ी में शनिवार को संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष रामवतार प्रजापति के अगुवाई में शिक्षकों का एक शिष्टमंडल भगहर पहुँचा। मृतक शिक्षकों के परिजनों से मिलकर उनका हाल जाना व 21 - 21 हज़ार का आर्थिक सहयोग दिया। इस संदर्भ में मीडिया प्रभारी दिनेश यादव ने बताया कि अगर हम सहायक अध्यापकों को अनुकंपा का लाभ मिलता तो शायद इन परिवार के आश्रितों को मदद मिल जाता है। प्रखण्ड अध्यक्ष ने कहा कि सरकारों ने हम शिक्षकों को ठगने का कार्य किया है। सहायक शिक्षकों के प्रति गंभीर नही है, हम सब चंदा करके मृतक के परिजनों को मदद कर रहे है और भविष्य में करते रहेंगे। इस दौरान प्रखण्ड सचिव सीताराम यादव, राज्य सदस्य सुधीर कुमार कौशल, मिडिया प्रभारी दिनेश यादव, मनोज कुमार, अशोक कुमार यादव, गणेश प्रसाद साव, संजय यादव, बलदेव साव, भुनेश्वर प्रसाद यादव, रवि रंजन वर्मा, मनोज कुमार सिंह, उदित प्रसाद, विजय प्रसाद, सत्येंद्र कुमार पाण्डेय, अजय यादव, शंभू शरण राणा सहित दर्जनों सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

APEM LIVE

दिनांक: 22-04-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में ईद उल फितर का पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया





**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

रजा जामा मस्जिद बरकट्ठा के इमाम मौलाना अताउल रहमान ने सुबह 9 बजे ईद की नमाज अदा कराई. इमाम ने मौके पर क्षेत्र में अमन-चौन और शांति के लिए दुआएं मांगी. कहा की ईद का पर्व आपसी भाईचारे के साथ सभी गिले शिकवे को भूलकर मिलजुल कर मनाने का पैगाम लेकर आती है. नमाज के बाद लोगो ने एक दुसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी. ईद को लेकर मस्जिद की रंग रोगन और फूलों से आकर्षक ढंग से सजावट किया गया. पर्व को लेकर झामुमो जिला उपाध्यक्ष यासिन खान के कोनहराखुर्द स्थित आवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में दोनो समुदाय के लोग शामिल हुए. पर्व के मौके पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रेरणा प्रिया, पूर्व जिप सदस्य दयमंती देवी, अधिवक्ता रा. जेंद्र प्रसाद, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, पूर्व प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, दर्शन सोनी ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को बकरीद की शुभकामनाएं दी है. बरकट्ठा के अलावा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सक्रेज, घंघरी, तरबेचवा, मेरमगड्डा, कोनहराखुर्द, शिलाडीह, बरवां, जमुआ, कोनहरा कला, बेड़ोकला गांव में भी लोगों ने ईद उल फितर की नमाज शनिवार को मस्जिदों में अदा किया.

## शांतिपूर्ण मना ईद साथ ही साथ राष्ट्रीय पंचायती राज के कामों पर जोर

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**



कोडरमा चंदवारा प्रखंड पश्चिमी सचिवालय भवन में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा स्वच्छता संबंधी बैठक सचिवालय भवन में किया गया। जिनमें मुख्य रूप से चंदवारा पश्चिमी के मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे तथा इस बैठक में पंचायत को स्वच्छ सुंदर एवं रोग मुक्त बनाने का विचार विमर्श किया गया तथा अपना वार्ड स्वच्छ एवं सुंदर कैसे हो इसके ऊपर जोर दिया गया तथा सभी ग्रामीणों को दिशा निर्देश दिया गया कि आप पंचायती राज व्यवस्था के अंदर अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ ले और उपयोगी योजनाओं को चिन्हित कर ध्यान आकृष्ट कर उसका लाभ ले। साथी ही साथ इस कार्यक्रम में ईद मिलन समारोह का कार्यक्रम किया गया जिनमें सभी उपस्थित ग्रामीणों के बीच चिलोडीह के सलाउद्दीन खान समाजसेवी के द्वारा के द्वारा सवाई का वितरण का किया गया और ईद की शुभकामनाएं दी गई इस मौके सलाउद्दीन खान ने कहा कि ईद हमे आपसी भाईच. ारे का पैगाम देता है सभी हिंदू मुस्लिम भाई एक दूसरे का पर्व त्यौहार साथ मिलकर मनाएं इस मौके पर उप मुखिया बसंती देवी वार्ड सदस्य बबलू रजक, सुखदेव राणा मनोज राणा, नंदू शर्मा, युवा नेता कुंदन पासवान, संदीप कुमार, बबलू पासवान, मुकेश राही ,शंभू पासवान, व अन्य लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार अज्ञात मोटरसाइकिल ने दूसरे मोटरसाइकिल को टक्कर मारकर फरार

### सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक की घटनास्थल पर मौत

### उत्तर-प्रदेश के युवक की बीरनी में सड़क दुर्घटना से मौत

**अपेम लाइव :बिरनी**



मृतक अमित का फ़ाइल फोटो

बिरनी थाना क्षेत्र के बरहमसिया-जोरासाख मुख्य मार्ग तेलियाडीह के पास शनिवार दोपहर लगभग 1 बजे एक मोटरसाइकिल जो जोरासाख कि ओर से आ रही थी तभी विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात मोटरसाइकिल वाहन ने जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गई जिससे मोटरसाइकिल चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई । मृतक की पहचान उत्तर-प्रदेश कानपुर जिला के देवीपुर डेरा निवासी 21 वर्षीय अमित सिंह के रूप में हुई है । मृतक बगोदर में अपने साथियों के साथ रहकर मोटरसाइकिल से गाँवों में जाकर कपड़े का ब्यापार (फेरी)करते थे । घटना के बाद मृतक के साथी प्रमोद ने बताया कि हम अपनी मोटरसाइकिल से थोडी दूर ही आगे निकले थे तभी मोटरसाइकिल में टक्कर होने आवाज़ आई जिसके बाद मैं वापस घटनास्थल पर पहुंचा और उसे उठाने लगए तभी अज्ञात मोटरसाइकिल चालक वाहन लेकर फरार हो गया । घटना के बाद स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस बुलवाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी पहुँचाया जिसका उपचार डॉ अंकित कुमार ने किया तथा मृत घोषित कर दिया मृतक के छोटा भाई है । प्रमोद ने घटना की सूचना अपने साथियों व परिजनों को दिया जिसके बाद सभी अस्पताल पहुंचे और दहाड़ मारकर रोने लगे । वहीं घटना की सूचना पाकर बिरनी थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह अपने दल-बल के साथ पहुँचे तथा शव को पोस्टमार्टम करवाने की सलाह दिया लेकिन भाई व साथियों ने कहा हमें पोस्टमार्टम नही करवाना है और शव को निजी एम्बुलेंस से उत्तर-प्रदेश लेकर चले गए ।

APEM LIVE

## हनुमान मंदिर में मनायी गयी भगवान परशुराम की जयंती

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला मुख्यालय के अमवाटीकर स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगन में ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में भगवान परशुराम की जयंती मनायी गयी।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेमचंद पांडेय ने किया।इस अवसर पर श्री पांडेय ने बताया कि परशुराम को भगवान विष्णु के अवतार के रूप में जाना जाता है।कार्यक्रम का संचालन अंकित पांडेय ने किया।मौके पर कई वक्ताओं ने भगवान परशुराम की जीवनी व उनसे जुड़े प्रसंगों पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन आशीष पांडेय ने किया। मौके पर सच्चिदानंद पांडेय, नरेश पाठक, त्रिभुवन पाण्डेय, राजन तिवारी, ललित पांडेय, पंकज तिवारी, ध्रुव पांडेय, रवि प्रकाश दुबे, विशाल भास्कर, जयकिशोर उपाध्याय, प्रकाश तिवारी, अरविंद दुबे, पारस तिवारी, रोहित तिवारी, अरविंद पाठक, सौरव पाठक, बिपुल पांडेय, पीपी पांडेय समेत कई लोग मौजूद रहे।

## ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बने हीरा प्रसाद यादव

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : होटल कार्निवाल बानपुर लातेहार में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा का एक बैठक की गई ।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने की। इस बैठक में सर्वसम्मति से लातेहार प्रखंड ओबीसी मोर्चा का गठन किया गया ।जिसमे प्रखंड अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, सचिव संजीत प्रसाद धर्मेंद्र प्रसाद राजेश प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार, उप कोषाध्यक्ष बलराम यादव उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद संजय यादव कपिल प्रसाद, मीडिया प्रभारी राजेश प्रसाद गुप्ता का चयन किया गया। साथ ही अगली बैठक में प्रखंड कमेटी का पूर्ण विस्तार का निर्णय लिया गया ।मौके पर अधिवक्ता सुनील प्रसाद, रामप्यारे प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, पवन कुमार यादव, वीरेंद्र यादव, अरविंद कुमार चंद्रवंशी,उमेश प्रसाद ,कमलेश प्रसाद, प्रवीण कुमार यादव, संतोष कुमार , अनिल कुमार गुप्ता ,संजीव कुमार चंद्र , मिशाल कुमार, विशाल कुमार, निर्मल कुमार यादव, शिव शंभू प्रसाद, नीरज प्रसाद , आशीष कुमार गुप्ता,उदय कुमार यादव जनेश्वर यादव ठाकुर दयाल यादव, कुलदीप यादव, प्रदुमन यादव कई लोग उपस्थित थे।

## बरहीडीह शिवमंदिर में मनाई गई भगवान परशुराम की जन्मोत्सव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत बरहीडीह शिवमंदिर में संध्या चार बजे सुरेश शर्मा की अध्यक्षता में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। वहीं मौके पर मौजूद सभी ने भगवान परशुराम की चित्र पर पुष्पअर्पित कर उन्हें नमन किया। वहीं सुरेश शर्मा ने भगवान परशुराम की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की वह भगवान शिव के बहुत बड़े भक्त थे और उन्हें शिव जी से एक फरसा (कुल्हाड़ी रूपी हथियार) वरदान के रूप में प्राप्त था और यही कारण है की उनका नाम परशुराम है। भगवान शिव जी ने उन्हे युद्ध का कौशल भी सिखाया था। वे ऋषि जमदग्नि वा रेणुका देवी के पुत्र थे। जब वह छोटे थे तभी से वे एक गहन शिक्षार्थी थे और वे सदैव अपने पिता ऋषि जमदग्नि की आज्ञा मानते थे। परशुराम जी सबसे पहले योद्धा ब्राह्मण थे और यही कारण है की उन्हें ब्रह्मक्षत्रिय कहा जाता था। मौके पर रतन कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार पांडेय, पप्पू शर्मा, उत्तम शर्मा, राजेश शर्मा,अरविंद पांडेय, सुमित शर्मा, सूरज शर्मा, प्रद्युमन शर्मा, अजय पांडेय, प्रिंस शर्मा, आर्यन शर्मा, दीपक कुमार पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, रिंकू पांडेय,विजय पांडेय, रवि रंजन, रोहित शर्मा, सुधांशु पांडेय, उपेंद्र शर्मा, मनोज पांडेय एवं संजय शर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूज़पेपर

## बिरनी में शांतिपूर्ण तरीके से ईद उल फितर की नमाज़ अदा किया गया।लोगो ने एकदूसरे से गले मिलाकर अमन चौन की दिवा मांगें





**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को ईद मनाया गया.जिसमें मनिकडीहा डबरी चिरूडीह समेत दर्जनों गांव सामिल है जिसमे शनिवार को शांति व सौहार्द रूप से ईद उल फितर की नमाज़ अदा किया गया . बता दे कि ईद उल फितर की नमाज़ ईदगाह में अदा की जाती है.जिसमें ईद उल फितर के नमाज़ अदा करने के लिए सुबह लोग नहा धोकर नए नए कपड़े पहनकर ईदगाह नमाज़ अदा करने जाते हैं.ईद उल फितर नमाज़ अदा करने के बाद इमाम के द्वारा खुतबा सुनाया जाता है. फिर दुआएं की जाती है. दुआ के बाद एक दूसरे से गले लगाकर ईद की मुबारक बाद दी जाती है. वही लच्छा सेवायें खाते हैं. ।वही मनिकडीहा गांव के सोनू क खान फिदा हुसैन ने कहा कि इस त्योहार का मुख्य उद्देश्य है कि एक दूसरे के दुश्मनी भुलाकर एक दूसरे से भाई चारे के साथ गले लगाना ओर अमन चौन की दुआ मांगना ओर एक दूसरे को सेवई ओर लच्छा देकर प्रेम को बढ़ाना है।इस अवसर पर मुख्य रूप से रब्बुल मल्लिक सोनू खान मकबूल आलम अब्दुल हसन इमाम अकरम सेख फिदा हुसैन कयूम मल्लिक बबन मल्लिक समेत कई लोग उपस्थित थे।

## खसरा ओर रूबेला टीकाकरण अभियान उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाटो में चलाया गया

**अपेम लाइव : बिरनी**




बिरनी प्रखंड क्षेत्र के टाटो गांव में शिक्षक महेन्द्र प्रसाद,आगनबाड़ी सेविका कुमारी नीतू, सहिया रेखा कुमारी,एनएम,विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्णा कुमार की उपस्थिति में खसरा ओर रूबेला टीकाकरण अभियान उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाटो में चलाया गया इस कार्यक्रम के आयोजन से विद्यालय के बच्चे कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8तक के बच्चों को टीकाकरण किया गया साथ ही गांव के कई बच्चे जिसका उम्र 9माह से 15 वर्ष के बच्चों को टीक. ाकरण किया गया वही विद्यालय के शिक्षक महेन्द्र प्रसाद ने बताया कि खसरा और रूबेला ऐसी बीमारियां हैं जो गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं या यहां तक कि मृत्यु का कारण बन सकती हैं। इसलिए खसरा और रूबैला जैसी बिमारियों से बचाव एवं रोकथाम के लिए टिका लगवाना आवश्यक है।यह टीका बच्चों को रुबेला वायरस के कारण होने वाली बीमारियों से सुरक्षित रखता है। हमलोग प्रयास करे कोई भी इस टीकाकरण से छूट ना सके।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक बच्चे के साथ साथ कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## विहिप बजरंग दल और पूर्व विधायक नागेंद्र महतो का प्रयास लाया रंग विभागीय अधिकारियो की खुली नींद

**अपेम लाइव : बिरनी**



बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के खेद्वारा पंचायत के जोगड़िया गांव में कुछ दिन पहले आदिवासी समाज के लोगों द्वारा नदी का पानी पीने कि खबर प्रकाशित होने के बाद प्रतिनिधि के साथ साथ पीएचडी विभाग की नींद खुली ओर विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल व बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जोगड़िया गांव में नया चापानल पीएचडी विभाग से बात कर तुरंत बोरिंग कराया। चापानल बोरिंग होने के बाद जोगड़िया आदिवासी टोला में खुशियों कि लहर दौड़ गई है। जोगडीया गांव के ग्रामीणों ने दिल से विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल और बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो को धन्यवाद दिया । जोगडीया गांव में नया चापानल के बोरिंग के मौके पर विहिप जिला मंत्री निरंजन कुमार ,उपाध्यक्ष अशोक वर्मा ,उपाध्यक्ष राजेश सिंह ,मन्नू कुमार, रवि शर्मा मनोज यादव, विशेश्वर साहु वार्ड सदस्य शिबू टुडू समेत कई लोग उपस्थित थे।

## कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन तथा देशभर के गैर सरकारी संगठनों ने की सरकार से अपील

### बाल विवाह के खिलाफ बने मजबूत कानून और 18 साल तक के बच्चों को मिले मुफ्त शिक्षा

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन (केएससीएफ) द्वारा ”बाल विवाह मुक्त भारत“ पर राष्ट्रीय परिचर्चा एवं विमर्श का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभर से जुटे गैर सरकारी संगठनों ने सरकार से बाल विवाह के खिलाफ मजबूत कानून बनाने और मौजूदा कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की अपील की।

परिचर्चा में सरकार से बाल विवाह निषेध कोष बनाने और 18 साल तक के बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा का प्रावधान करने की भी मांग की गई। यह राष्ट्रीय परिचर्चा इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि भारत में बाल विवाह का आयोजन ज्यादातर अक्षय तृतीया तथा ईद के अवसरों पर ही होता है। गैर सरकारी संगठन इस बात पर सहमत हैं कि देश में भले ही बाल विवाह कराने वाले लोगों को दंडित करने के लिए विशेष कानून अर्थात बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 (प्रोहिबिजन अ०फ चाइल्ड मैरिज एक्ट, 2006, ख्पीसीएमए,) है, फिर भी बाल विवाह को समूल नष्ट करने के लिए वर्तमान कानून को संशोधित कर मजबूत बनाते हुए मौजूदा कानून का कड़ाई से पालन सुनिश्चत करने की जरूरत है। वर्ष 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए गैर सरकारी संस्थाओं ने कई प्रकार के उपायों पर बात की।

परिचर्चा में निर्णय लिया गया कि सरकार एवं राजनीतिक दलों से यह अपील की जाए कि वह मुफ्त शिक्षा की आयु सीमा को 18 वर्ष तक कर दें। इससे बाल विवाह रोकने में बहुत मदद होगी। बाल विवाह को रोकने वाले संस्थानों को मजबूत किया जाए एवं अधिकारियों के ज्ञान एवं क्षमता निर्माण पर कार्य किया जाए। वहीं, बाल विवाह के विषय पर धार्मिक नेताओं को अभियान से जोड़ने पर सहमति बनी।

सरकार से एक विशेष बाल विवाह निषेध कोष बनाने की भी मांग की गई। जिसमें सरकारी स्कूलों में पढ़ रही बच्चियों को प्रतिमाह 500 रूपये की छात्रवृत्ति देने, लड़कियों के लिए प्रधानमंत्री शगुन कोष का गठन करने, बाल विवाह के विषय को पा. व्यक्रम में शामिल करने, कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बाल विवाह निषेध अधिकारियों (सीएमपीओ) के माध्यम से संस्थानों मसलन आंग. नबाड़ी, बाल कल्याण समितियां, पंचायती राज संस्थान, स्कूल आदि को मजबूत करने के अलावा बाल विवाह रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों को समय–समय पर कानूनों की जानकारी और उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण देने की मांग की गई। बाल विवाह पर चिंता व्यक्त करते हुए समाधान के अध्यक्ष संजीव भट्टाचार्जी ने कहा कि ”हमारी संस्था कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के साथ मिलकर इस सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए जागरुकता अभियान चलाने के साथ–साथ हरसंभव कदम उठा रही है। कहा कि हमारा लक्ष्य सन 2030 तक समाज से बाल विवाह को पूर्णतया समाप्त कर भारत को बाल विवाह मुक्त देश बनाना है।“

बीते वर्ष 16 अक्टूबर 2022 को कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन ने बाल विवाह के विरुद्ध शंखनाद करते हुए विश्व का सबसे बड़ा अभियान आरम्भ किया था। हमारी संस्था से समाधान भी इस अभियान में शामिल थी। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की विशेष बात यह है कि इस अभियान का नेतृत्व देश के 26 राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हुए 7,588 गांवों में 76,377 अभियान से जुड़ी महिलाओं ने दीप जलाकर किया था।

## मजदूरों के हक और अधिकार के लिए इंटेक प्रदेश अध्यक्ष से मिले ओबीसी कांग्रेस

### शुद्ध वातावरण के साथ स्थानीय मजदूरों को प्राथमिकता दे कंपनियां : दीपक गुप्ता

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




कांग्रेस इंटेक के प्रदेश सचिव चंद्र शेखर मिश्रा के नेतृत्व में कोल खनन समस्या और कंपनी के मनमानी के खिलाफ ओबीसी प्रदेश कोडिनोटर सुरजीत नागवाल और ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने झारखंड के कांग्रेस मजदूर प्रदेश इंटक के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय से जमशेदपुर में शिष्टाचार मुलाकात किया। जिले के बड़कागांव केरेडारी क्षेत्र में चल रहे कई कोल माइंस परियोजनाएं को लेकर विशेष वार्तालाप की गई और इस बातचीत के दौरान मजदूर और रैयतों के समस्या को लेकर कई मामलों को प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे के समक्ष रखा गया है । कांग्रेस ओबीसी प्रदेश को. डनोटर सुरजीत नागवाल ने बातचीत के समय कहा की बड़कागांव में संचालित कोल खनन परियोजना में मजदूरों और रैयतों के समस्या को अवगत कराते हुए बताया की खनन कंपनी के द्वारा के मजदूरों पर शोषण किया जा रहा है। और सेफ्टी का कोई ख्याल नही रखा जा रहा हैं।जिसको लेकर हमने कंपनी को कई बार मौखिक शिकायत की लेकिन इसके बावजूद कोई सुधार नही किया गया। ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने प्रमुखता से अपनी बात रखते हुए कहा की बरही और सिंघरावा में चल रहे है कई लोहा बड़े रूप से सड़क निर्माण, आयरन फैक्टरी, हार्डक०क, कोल लिकेंज सहित अन्य कंपनियों संचालित है जो कंपनी नियमावली के बाहर जाकर कार्य कर रही हैं। इन कंपनी में ना की संख्या में स्थानीय मजदूर कार्यरत है और ना ही इनके द्वारा स्वच्छ और सुन्दर वातावरण को लेकर किसी प्रकार प्रदूषण पर कंट्रोल है। इससे लागातार लोग बड़ी बीमारी से ग्रसित होने का शिकायत मिल रही है इनके मनमानी को लेकर आम जन काफी परेशान और त्रस्त है। इन जटिल समस्या को सुन कर कांग्रेस इंटेक अध्यक्ष राजेश्वर पांडे ने कहा की कंपनी वस्तु स्थिति में अगर सुधार नही किया तो इंटेक के बैनर तले जल्द एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वर्तमान में जो भी कार्यरत कंपनियां मजदूरों पर शोषण कर रही है उनके खिलाफ मजदूरों को एकजुट करके उनके हक और अधिकार के बड़ा लड़ाई लड़कर और धरना प्रदर्शन करके उनका हक और अधिकार दिलाएंगे।




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## महुआडांड़ में अकीदतमंदों अदा की नमाजे ईद

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ स्थित जामिया नूरिया जियाउल इस्लाम, अम्वाटोली, मदीना मस्जिद समेत अन्य गांव की मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा ईद की नमाज अदा की गई। जामिया नूरिया जियाउल इस्लाम में मुफ्ती मोहम्मद शब्बीर , मदीना मस्जिद में इमाम हाफिज खालिद एवं मस्जिदे गौसिया में इमाम मौलाना गुलाम सरवर फैजी के द्वारा ईद की नमाज अदा कराई गई।ईद के नमाज की तैयारी को लेकर लोग सुबह से ही मस्जिदों में आना शुरू हो गए वक्त होते-होते मस्जिद पूरी तरह से नमाजियों से भर गई और वक्ते मुकर्ररा पर इमाम के पीछे ईद की नमाज अदा की गई। नमाज से पूर्व जामा मस्जिद मदीना मस्जिद गौसिया मस्जिद के इमाम के द्वारा ईद उल फितर को लेकर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। ईद क्यों और कैसे मनाई जाती है ईद में हमें क्या-क्या करना चाहिए इसकी जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। वही जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती शब्बर साहब के द्वारा बताया गया कि यह ईद इनाम के तौर पर दिया गया है। जब मोमिन सभी रोजा पूरा कर लेता है तो अंतिम दिन ईद मनाई जाती है। आगे उन्होंने बताया कि इस दिन सभी लोग आपसी गिले-शिकवे छोड़कर आपस में मेलजोल भाईचारे का मिसाल पेश करते हुए एक दूसरे से गले मिलकर ईद का मुबारकबाद दें। किसी तरह से भी किसी के लिए दिल में किना हसद ना रखें। ईद के नमाज से पूर्व जितने भी लोग हैं उन्हें सदकाए फितर अदा करना वाजिब है। सभी लोग नमाज से पहले पहले तक सदका ए फितर अदा कर देते हैं। जो जकात की ताकत रखते हैं वह सभी भी ईद से पहले पहले अपनी जकात भी अदा कर देते हैं। नमाज के बाद मुफ्ती शब्बर साहब के द्वारा बहुत ही खूबसूरत अंदाज में दुआएं की गई उन्होंने दीन दुनिया आखिरत के लिए दुआएं की। उनके द्वारा राज्य देश व दुनिया में अमन व शांति के लिए दुआएं की गई। जिसके बाद सलातो सलाम पढ़ी गई। और इन लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद की नमाज अदा करने की लेकर हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। ईद को लेकर बच्चों में देखी गई काफी उत्साह ईद को लेकर खास तौर में बच्चों में काफी उत्साह देखी गई बच्चे सुबह से ही नहा धोकर नए परिधानों में सज धज कर नजर आए। बच्चे भी आपस में गले लगाकर एक दूसरे को मुबारकबाद दिए। ईद को लेकर कई तरह के बनाए जाते हैं व्यंजन ईद की तैयारी को लेकर कई तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं जिसे लेकर महिलाएं रात से ही लग जाते हैं। खासकर मीठी सेवइयां की की तो बात ही अलग है। जैसे शीर खुरमा, गुलाब जामुन, फालूदा, छोला पूड़ी, दही बड़ा, पलाव, बिरयानी, समेत अन्य कई तरह व्यंजन बनाए जाते हैं। सुरक्षा को लेकर प्रशासन के द्वारा की गई थी पुख्ता इंतजाम सुरक्षा को लेकर महुआडाड पुलिस प्रशासन के द्वारा पुख्ता इंतजाम किया गया था। महुआडांड़ थाना प्रभारी के निर्देश पर जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद, गौसिया मस्जिद के बाहर पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी।

## बरवाडीह में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद

**अपेम लाइव : लातेहार**
**सनी वर्मा**



बरवाडीह/लातेहार : प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर पोखरी कलां में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने ईद बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री सिंह ने कहा कि आपसी भाईचारे के साथ शांति पूर्ण तरीके से किसी भी त्योहार को मनाये ।मौके पर पोखरी कलां के हाजी मुमताज अली ने बरवाडीह बीडीओ राकेश सहाय और थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह से गले मिलकर ईद मुबारक व बधाई शुभकामनाएं दी।मौके पर समाजसेवी हेसामुल अंसारी ,अरसदुल कादरी ने भी मौजूद लोगों से गले मिलकर आपसी भाईचारे का मिसाल पेश किए।

## महुआडांड़ एसडीओ ने चिकनी कोना और मेढ़ारी का किया दौरा

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन ने महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम मेढ़ारी और चिकनी कोना गांव का दौरा किया । इस दौरान आदिम जनजातियों को पीटीजी के माध्यम से मिलने वाले खाद्यान्न सामग्रियों का वितरण समेत मापक यंत्रों की जांच की साथ ही गांव में बुजुर्गों और दिव्यांगों को मिलने वाले पेंशन और जरूरतमंद लोगों को राशन कार्ड संबंधित आवेदनों पर भी संपर्क किया। चिकनी कोना ग्राम के प्राथमिक विद्यालय में पेयजल की समस्या और ग्रामीणों को पेंशन, सड़क आदि समस्याओं को दैनिक जागरण ने प्रमुखता से दर्शाया था जिस पर संज्ञान लेते हुए अनुमंडल पदाधिक. ारी निखिल सूरीन ने विद्यालय में जल्द ही पेयजल की व्यवस्था करने का आदेश दिया।

## जिले में धूमधाम से मनाई गई ईद

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : शहरों समेत गावों के मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ी गई। इसके बाद लोग एक-दूसरे को मुबारकबाद दी । शुक्रवार की शाम को ईद का चांद नजर आने के साथ ही 24 मार्च को शुरू हुआ रमजान का महीना पूरा हो गया। रमजान खत्म होने के बाद इस्लामिक कैलेंडर के शव्वाल महीने के पहले दिन ईद मनाई जाती है। इसे ईद-उल-फितर भी कहा जाता है। ईद-उल-फितर को मीठी ईद भी कहा जाता है। इस दिन लोग नए कपड़े पहनते हैं और एक-दूसरे को सेवइयां खिलाते हैं। मुस्लिम धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, पैगंबर हजरत मुहम्मद ने सन् 624 ईस्वी में बद्र की लड़ाई में जीत हासिल की थी। इसी की खुशी में उन्होंने ईद-उल-फितर मनाया और लोगों का मुंह मीठा किया । इसलिए, मुस्लिम इस दिन मीठी सेवईं बनाकर एक-दूसरे को खिलाते हैं। ईद के मौके पर जकात यानी दान देने का भी बहुत महत्व है।शुक्रवार को पढ़ी गई रमजान की अल. विदा नमाज शुक्रवार को दिन में रमजान के महीने की अलविदा नमाज पढ़ी गई। इसके अलावा ईद की जमकर खरीददारी भी हुई। सेवइयां, चूड़ियों और कपड़ों आदि की दुकानों पर जमकर भीड़ लगी रही । मेंहदी लगाने वालों की दुकानों पर भी खूब भीड़ रही। लातेहार की अंबाकोठी जामा मस्जिद और मौला अली मस्जिद में सुबह 8रू30 बजे, अमवाटीकर मिल्लत मस्जिद में 8रू00 बजे, करकट मस्जिद में 8रू15 बजे समेत अन्य ! मस्जिदों और और ईदगाहों में मुकर्रर समय पर ईद की नमाज अदा की गई। चंदवा के जामा मस्जिद से लेकर बेलवाही, कामता, शुक्रबजार, मदीना मस्जिद, कुजरी, चकला, हुचलू, बोदा, बरहमनी, तिलैयाटांड़, माल्हन समेत अलग अलग इलाकों की दर्जनों मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर गले मिलकर एक दुसरे को बधाई दी।

## अक्षय तृतीया पर शनि मंदिर में भंडारा का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला मुख्यालय के बाजारटांड़ स्थित शनिदेव मंदिर में अक्षय तृतीया के अवसर पर शनिवार को भंडारा का आयोजन किया गया। इससे पहले मंदिर के पुजारी मनोज दास के सानिध्य में पूजा-अर्चना की गयी और भोग लगाया गया। पुजारी मनोज दास शर्मा ने बताया कि अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। परशुराम को भगवान विष्णु के अवतारों में से एक के रूप में जाना जाता है।इस दिन लोग भगवान विष्णु, देवी लक्ष्मी या भगवान गणेश की पूजा करते हैं।अक्षय तृतीया के दिन कोई भी अच्छा काम शुरू किया जा सकता है। सिंदूर दान करना भी उत्तम माना जाता है।सिंदूर के साथ सुहागिन महिलाओं को सुहाग की अन्य सामग्रियां दान करने की प्रथा है। मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष निर्मल कुमार महलका, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष मुरली प्रसाद अग. वाल, अभिनंदन प्रसाद, चौंबर अ०फ कामर्स के निर्दोष कुमार, जीतू दास व टींकू प्रसाद आदि उपस्थित रहे।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार